भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भावना संदेश

अक्टूबर–2025

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति की त्रैमासिक पत्रिका

भावना

वरिष्ठ नागरिकों व निर्बल एवं असहायजनों के हितों को समर्पित
अखिल भारतीय समाजसेवी समिति

# अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र पर आयोजित
# स्वतंत्रता दिवस 15.08.2025 की कुछ झलकियाँ













(सदस्यों में केवल आन्तरिक वितरण हेतु)

# भावना संदेश

वर्ष–25 अंक–04 **अक्टूबर 2025**

## सम्पादन समिति

इं0 अमर नाथ – प्रधान संपादक
प्रो0 (डॉ0) राम सजीवन शुक्ल – सम्पादक
प्रो0 (डॉ0) अवनीश अग्रवाल – सह सम्पादक
श्री आदित्य प्रकाश सिंह – सह सम्पादक

## प्रकाशक

**भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति**

**पंजीकृत कार्यालय–** पी 2/1010, चन्द्रा पैनोरमा, सुशान्त गोल्फ सिटी, शहीद पथ, लखनऊ – 226030, दूरभाषः 9335902137

**प्रशासनिक कार्यालय (पत्राचार हेतु)** अध्यक्ष 2/518 विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

प्रमुख महासचिव : एफ 909, शालीमार गैलेंट, महानगर, लखनऊ

पंज़ीकरण संख्याः 666/2000–01

वेबसाइट : **www.bhavanaindia.org**

ई–मेल : welcome@bhavanaindia.org

**Facebook page : Bharatiya Varishtha Nagrik Samiti**

**Bhavana Google Group : bhavanamembers@googlegroups.com**

## मुद्रक

श्री केशव प्रिंट प्वाइंट

जी–7, आरिफ चैम्बर्स, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ

मो. : **9335532342**

ईमेल : **hariom.printingpress9@gmail.com**

## भावना का संकल्प गीत

**भावना** सहयोग, सेवा, स्वावलम्बन से चले,
**भावना** की राह में संकल्प का दीपक जले।
**भावना** में डूब के इतने सहिष्णु हम हुए,
आस्था, विश्वास के साँचे में हम फिर–फिर ढले।
**भावना** ये है बुजुर्गों को किसी भी हाल में,
इस बदलते दौर की तल्ख़ी न रत्ती भर खले।
**भावना** का एक ही सन्देश है सबके लिए,
शेष जीवन भर कोई अब जिन्दगी को न छले।
विश्व में इक मंच देने को वरिष्ठों के लिए,
**भावना** की 'शान्त' पलकों पे कई सपने पले।

***– इं. देवकी नन्दन 'शान्त'***

---

### भावना सूत्र वाक्य

सन्देश नहीं मैं यहाँ स्वर्ग का लाया।
इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया।।

*– श्री मैथिली शरण गुप्त*

## अनुक्रम

| क्र. | विषय | पृ.सं. |
|---|---|---|
| 1 | भावना का संकल्प गीत | 1 |
| 2 | सम्पादकीय | 2 |
| 3 | अनौपचारिक शिक्षणकेन्द्र में 79वां स्वतन्त्रता दिवस मनाये जाने की संक्षिप्त रिपोर्ट | 3 |
| 4 | भावना के 26वें स्थापना दिवस समारोह का कार्यवृत्त | 4–6 |
| 5 | दि. 18.09.2025 को आयोजित कोर ग्रुप की बैठक की कार्यवृत्ति | 7 |
| 6 | प्रमुख समाचार/श्रम का महत्व | 9 |
| 7 | तुम न जाने किस जहाँ में खो गये | 10 |
| 8 | अप्रैल 2025 से 22.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची | 11 |
| 9 | युक्ति युक्त नीति | 17 |
| 10 | अपनी वसीयत/जीवन के रंग | 18 |
| 11 | योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य | 19 |
| 12 | दि. 01.04.2025 से 22.09.2025 तक भावना के दान दाताओं की सूची | 22 |
| 13 | प्रबन्ध कारिणी की बैठक की सूचना/बुजुर्ग की सीख | 24–25 |
| 14 | प्रबन्ध कारिणी के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य | 26 |
| 15 | प्रबन्ध कारिणी का प्रकोष्ठकार विवरण | 27 |
| 16 | भावना का संरक्षक मण्डल | 30 |
| 17 | भावना के संस्थागत सदस्य | 32 |
| 18 | भावना की शाखायें | 33 |
| 19 | बुजुर्गों के खुशहाल रहने के उपाय | 34 |
| 20 | शोक समाचार | 35 |
| 21 | लघु कथा – लिप्सा | 36 |

### भावना के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मोबाइल नं.

| पद | नाम | मो. नं. |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | श्री रामलाल गुप्ता | 9335231118 |
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | श्री तुंग नाथ कनौजिया | 9936942923 |
| उपाध्यक्ष प्रथम | श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला | 9198038889 |
| उपाध्यक्ष द्वितीय | श्री अशोक कुमार मल्होत्रा | 9451133617 |
| प्रमुख महासचिव | श्री सुधीर कुमार वर्मा | 9415084699 |
| महासचिव (प्रशासन) | श्री जगमोहनलाल जायसवाल | 9450023111 |
| महासचिव (कार्यान्वयन) | श्री प्रभात किरण चौरसिया | 9451244670 |
| महासचिव (एडवोकेसी) | श्री सतपाल सिंह | 9839043458 |

# संपादकीय

**'वाचं में सर्वमङ्गला' श्री दुर्गा सप्तशत्यां देव्याः कवयम्–26**

देवी सर्वमंगला हमारी वाणी की रक्षा करें। भावना सन्देश के यशस्वी सम्पादक श्रीयुत् पुरुषोत्तम केसवानी इस धराधाम को छोड़कर अनन्त यात्रा पर चले गए हैं। परब्रह्म परमेश्वर से प्रार्थना है कि वे केसवानी जी की इस यात्रा को सुखद व सुफल बनाएँ।

जीवन अमूल्य है। प्रत्येक व्यक्ति जागतिक बन्धन की मर्यादाओं का पालन करते हुए अपने को सजाता व सवाँरता हुआ एक दिन जीवन की इतिश्री कर लेता है, परन्तु निकष तक नहीं पहुँच पाता। इसी व्यवस्था का नाम आवागमन है। केसवानी जी ने समय–समय पर भावना सन्देश को समृद्ध सम्पादकीय देकर इसका कलेवर बढ़ाने में अप्रतिम योगदान किया है। हँसना सीखिए, संसार का हर प्राणी अपने आप में विशिष्ट है, पहला बड़ा सुख निरोगी काया, विमान दुर्घटनाएँ व पीड़ित परिवार और महाकुम्भ 2025 आदि उनकी लेखनी से निकले उत्कृष्ट सम्पादकीय है। इन्हीं और अन्य बहुत सारी प्रस्तुतियों के निमित्त वे चिरकाल तक हमारे स्मृति पटल पर छाये रहेगें। स्मृति एक दैवीय आभा मण्डल है।

या देवी सर्वभूतेषु स्मृति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।

– तन्त्रोक्त देवी सूक्ते–22

'भावना' भारतीय वरिष्ठ जनों का एक राष्ट्रीय मंच है। मूलतः यह बुजुर्गों का परिवार है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' 'सर्वे सन्तु निरामयाः' की थीम पर

जीवेम शरदः शतम् – हम 100 वर्ष तक जियें
पश्याम शरदः शतम् – हम 100 वर्ष तक देखें
श्रृणुयाम शरदः शतम् – हम 100 वर्ष तक सुनें

के शुभ भाव सहित शतायु होने की मंगल कामना के साथ चरैवेति–चरैवेति इसका लक्ष्य है। भावना का लक्ष्य यह भी है कि हम 100 वर्षों तक सक्रिय रहते हुए जीवन यापन करें–

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविशेत शतम् समाः

'भावना' सहयोग, सेवा और स्वावलम्बन का संकल्प लेकर विश्व मंच पर इसे एक वैश्विक संस्था के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। दुनिया के तमाम देशों में बुजुर्गों के बड़े बड़े मंच सुने जाते हैं। निकषतः बुजुर्ग किसी समाज का हारा या थका हुआ व्यक्ति नहीं होता है, उसमें मार्गदर्शन की अपार सम्भावनाएँ है। उसके मार्गदर्शन में चलता हुआ समाज प्रगति के पथ पर उत्तरोत्तर अग्रसर होता है। न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ जैसे यशोधन आज हमारा सतत मार्गदर्शन कर रहे हैं। यशोवृद्ध, तपोवृद्ध, आयुवृद्ध, ज्ञानवृद्ध और वयोवृद्ध आदि वरिष्ठजनों के साथ प्रयुक्त होने वाले प्रसिद्ध उपसर्ग है।

शौर्य पर्व दशहरा (विजय दशमी) और प्रकाशपर्व दीपावली की आप को हार्दिक बधाई। शक्ति पूजा नवरात्र मंगलमय हो।



**प्रोफेसर/डॉ0 राम सजीवन शुक्ल**

## भावना द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षणकेन्द्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने की संक्षिप्त रिपोर्ट

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भावना द्वारा संचालित व रतनखंड संत गाडगे जलाशय पार्क में स्थित, अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र में, 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस (79वां) उल्लाापूर्वक मनाया गया.इस अवसर उक्त पार्क मे चल रहे अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र के बाल विद्यार्थियो, प्रशिक्षक गण के साथ भावना के पदाधिकारियों ने मिलकर उक्त आयोजन सम्पन्न किया।भावना के अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विद्यार्थियो के साथ मिलकर सभी ने राष्ट्रगान गाते हुए ध्वज का अभिनंदन किया।ध्वजारोहण के बाद श्री रामलाल गुप्ता, श्री वी के शुक्ला ,आचार्य चंद्रभूषण तिवारी व अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप दो शब्द कहे गये.तत्पश्चात शिक्षण केन्द्र के छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**नंदिनी, शबीना, सावित्री, अनिता, वंदना व सुलेखा द्वारा** – जो शहीद हुए सरहद पर– देशभक्ति गीत।

**रितु, शबीना, अनिता, सावित्री, वंदना और शहनाज द्वारा** – बेटी हिन्दुस्तान की.... देशभक्ति गीतः,
**शबीना, रितु, नंदनी, अनीता, रुबीना, वंदना, राम शुक्ला व रघु द्वारा** – बड़ा नीक लागे आपन देशवा की माटी... देशभक्ति गीत।

**वंदना, शबीना, रितु और सावित्री द्वारा** – आधी रोटी कम खइहै, बेटा बेटी को पढ़िये जरूर.. प्रेरक गीत।

**नंदिनी, राधा, रीतू, अर्चना, अनिता, शबीना, वंदना, सावित्री और वैभव द्वारा** – तिरंगा ऊंचा रहेगा, भारत मेरा नहीं झुकेगा... देशभक्ति गीत।

**वंदना द्वारा** – स्वतंत्रता दिवस पर संक्षिप्त भाषण।

**नंदिनी बिटिया द्वारा** – यूपी में क्या है....सामयिक गीत.. प्रस्तुत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शामिल सभी 14 बच्चों को श्री आर पी जायसवाल भावना के विशिष्ट सदस्य द्वारा उपहार वितरित किए गये तथा दो वर्तमान व एक पूर्व प्रशिक्षक को उपहार स्वरूप छाते भी दिये गये। इसके उपरांत विभिन्न पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लाए गये लड्डू व विभिन्न खाद्य पदार्थ और उपहारों के वितरण के बाद समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर भावना के पदाधिकारियों में भावना के अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक श्री वी.के. शुक्ला, महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह, श्री जे.पी. वर्नवाल, श्रीकृष्ण प्रसाद, श्री आर.पी. जायसवाल, श्री मती नीना अग्रवाल, श्री चन्द्र भूषण तिवारी, श्री अमरनाथ, के साथ श्री ए.के. बाली, श्रीमती अनिता बाली, संगीता राज, पंकज राज, सुशीला राज, आदित्यराज, श्री मनी राम प्रजापति, शारदा सहाय, डा. सिया राय, श्रीमती बीना शुक्ला, श्रीमती कामाक्षी चौहान, श्री अयोध्या प्रसाद के अतिरिक्त स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संयोजन, आयोजन और संचालन श्री सतपाल सिंह जी द्वारा किया गया।



**सतपाल सिंह**
महासचिव (एडवोकेसी)
**भावना**

## भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) के 26वें स्थापना दिवस समारोह दि. 19.08.2025 का कार्यवृत्त

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) का 26वां स्थापना दिवस समारोह दिनांक 19 अगस्त 2025, मंगलवार को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, रिवर बैंक कॉलोनी लखनऊ के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री डॉ0 रामकृष्ण स्वर्णकार, अपर पुलिस महानिदेशक (पी.ए.सी.) लखनऊ मुख्यालय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। समारोह में भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि हेल्पेज इंडिया के श्री अनूप चन्द्र पंत, भावना के संरक्षक माननीय न्यायमूर्ति श्री कमलेशवर नाथ, माननीय न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा, संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला, श्री सुशील शंकर सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष श्री जगमोहन लाल वैश्य, भावना के उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला, प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा अन्य पदाधिकारीगण सदस्यगण आमंत्रित अतिथिगण मीडिया के प्रतिनिधि विभिन्न सम्बन्धित स्कूलों के आचार्यगण शिक्षा सहायता प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं व उनके अभिभावकगण तथा अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे। शिक्षा सहायता प्राप्त करने हेतु नेशनल ब्लाइंड एसोसिएशन के दृष्टिहीन छात्र भी उपस्थित रहे। सभागार अपनी पूरी क्षमता के अनुसार भरा हुआ था। सभागार की बालकनी में भी 40 से अधिक छात्र–छात्राएं बैठे थे।

मंच संचालन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, महासचिव प्रशासन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के अति आवश्यक कार्य में व्यस्तता के कारण उनकी अनुपस्थिति में कार्यक्रम अपने निर्धारित समय 11:00 बजे से प्रारम्भ कर दिया गया। सभी गण मान्य अतिथियों को मंच पर सादर आसन ग्रहण कराया गया तथा उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात मंच के निवेदन पर सभी गणमान्यों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।

भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता ने सभा को सबोधित करते हुए भावना के उद्देश्यों व कार्यक्रम की रूपरेखा निरूपित किया। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायमूर्ति श्री कमलेशवर नाथ जी का 99 वर्ष की आयु में तथा माननीय न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा जी का लगभग 92 वर्ष की आयु में समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेना सराहनीय व भावना के प्रति अटूट लगाव का द्योतक है। उन्होंने दोनों व्यक्तियों जो भावना के सहृदय व बड़े दान–दाता भी हैं की दीर्घ आयु व स्वास्थ की कामना की कि इनका आर्शीवाद इसी प्रकार भावना को मिलता रहेगा। अध्यक्ष महोदय ने सभा में उपस्थित दोनों संरक्षक व संस्थापक सदस्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा की जिनकी बदौलत आज भावना इस रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने मंचासीन अन्य गणमान्यों श्री अनूप चन्द्र पंत, स्टेट हेड हेल्पेज इंडिया, श्री जगमोहन लाल वैश्य पूर्व अध्यक्ष भावना, श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला, उपाध्यक्ष भावना व सभी पदाधिकारीगणों, सदस्यगणों, प्यारे विद्याथियों, अभिभावकों व आचार्यगणों का अभिवादन के साथ स्वागत किया। अन्त में अध्यक्ष जी ने समारोह की व्यवस्था में सहयोग देने के लिए प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा, महासचिव प्रशासन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, महासचिव कार्यान्वयन श्री प्रभात किरण चौरसिया, महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह तथा श्री राजदेव स्वर्णकार, श्री राम मूर्ति सिंह, श्री आदित्य प्रकाश सिंह भावना के अन्य स्टाफ व इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और माननीय श्री विनोद कुमार शुक्ला से भावना के इतिहास व उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डालने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर भावना के संरक्षक व संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला ने भावना के

इतिहास व कार्यकलापों पर समुचित व सारगर्भित प्रकाश डालते हुए बताया कि भावना द्वारा बुजुर्गों और वरिष्ठों की समस्याओं के निराकरण हेतु अनेक कार्य किये जाते हैं। इसके साथ ही भावना अनेकों सामाजिक कार्य भी करती है जिसमें विभिन्न गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के निर्धन मेधावी छात्र–छात्राओं को फीस प्रति पूर्ति के हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है तथा प्रति वर्ष 10वीं व 12वीं कक्षा में सवोत्कृष्ट व सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिये जाते हैं। भावना के ग्राम्यॉंचल व निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा लखनऊ व आसपास के जनपदों के विभिन्न चयनित ग्रामों में ग्रामवासियों को एकत्रित करके उनको सरकार की विभिन्न उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी जाती है तथा निर्धन वरिष्ठजनों विधवाओं व विकलांगो को ठंड से बचाव हेतु नये ऊनी कंबलों तथा दान दाताओं द्वारा दिये गये पुराने उपयोग योग्य वस्त्रों का वितरण भी किया जाता है। प्रति वर्ष भावना द्वारा लगभग 1000 कंबल वितरित किये जाते हैं। मुख्य बात यह है कि सभी कार्यक्रम भावना के विभिन्न सह्रद दान दाताओं से प्राप्त दान राशि से ही किये जाते हैं। इस हेतु किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता अथवा डोनेशन नही लिया जाता है। उन्होने कहा कि 25 वर्ष के लम्बे अंतराल में संस्था पर एक भी पैसे की हेरा फेरी का मामला नही आया है।

इसके पश्चात सभा को माननीय न्याय मूर्ति श्री कमलेशवर नाथ, न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा, संरक्षक व संस्थापक श्री सुशील कुमार सक्सेना, भावना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगमोहन लाल वैश्य, हेल्पेज इंडिया के स्टेट हेड श्री अनूप चन्द्र पंत ने भी संबोधित किया और भावना द्वारा कराये जा रहे सामाजिक व वरिष्ठजन हितैषी कार्यों की सराहना की और भावना को सदैव सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया।

समारोह के अगले चरण में विभिन्न स्कूलों के चयनित विद्यार्थियों को स्कूल फीस की आंशिक प्रति पूर्ति हेतु निर्धारित धन राशि की शिक्षा सहायता की प्रथम किश्त वितरित की गई। वर्तमान वर्ष 2025–26 में निम्नलिखित विद्यालय भावना की शिक्षा सहायता योजना से लाभान्वित हुए।

1. लखनऊ अकेडमी हाईस्कूल, त्रिवेणी नगर लखनऊ
2. ब्राइटलैण्ड इण्टर कॉलेज, त्रिवेणी नगर लखनऊ
3. सरस्वती माण्टेसरी स्कूल, कुण्डरी रकाबगंज, लखनऊ
4. न्यू पब्लिक अकेडमी इण्टर कॉलेज, राजीव नगर, कल्याणपुर लखनऊ
5. सेण्ट माइकेल्स स्कूल, बड़ा चांदगंज, लखनऊ
6. बाल निकुंज इंगलिश स्कूल, पलटन छावनी, लखनऊ
7. बाल निकुंज इण्टर कॉलेज, मोहिबुल्लापुर, लखनऊ
8. ब्लू बेल्स स्कूल, महानगर, लखनऊ
9. माता भगवती देवी प्राथमिक विद्यालय, (समर्पण ट्रस्ट) बाबू खेड़ा कोठी, पी.जी.आई., लखनऊ
10. भगवान बख्श सिंह इण्टर कॉलेज, बन्धा रोड, फैजुल्लागंज, लखनऊ
11. महेन्द्र नीलम सिंह शिक्षण सेवा संस्थान, कृष्णलोक कालोनी, फैजुल्लागंज, लखनऊ
12. नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड, उत्तर प्रदेश
13. बाल निकुंज विद्यालय, बेलीगारद, सेक्टर–पी., अलीगंज, लखनऊ
14. फ्लोरेन्स नाइटिंगेल इण्टर कॉलेज, त्रिवेणी नगर, लखनऊ
15. दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ

16. सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ
17. ओम साईं मार्डर्न पब्लिक स्कूल, संदना, सीतापुर
18. एलडोरेडो इण्टर कॉलेज, गाजीपुर बलराम, फैजुल्लागंज, घैला रोड, लखनऊ

उपरोक्त विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के 102 विद्यार्थियों को रूपया 61,200.00, कक्षा 9 से 10 तक के 37 विद्यार्थियों को रूपया 33,300.00, कक्षा 11 से 12 तक के 05 विद्यार्थियों को कुल रूपया 99,500.00 की शिक्षा सहायता प्रदान की गई, जिसके चेक संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्यों/उनके प्रतिनिधियों को इस अनुरोध के साथ हस्तगत कराये गये कि वे उनके स्कूल की चयनित सूची में उल्लिखित विद्यार्थियों को स्कूल फीस में तद्नुसार लाभ देने की कृपा करें।

शिक्षा सहायता की प्रथम किश्त के वितरण के पश्चात वर्ष 2024–25 में 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोकृष्ट व सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए निम्नलिखित प्रतिभावान विद्यार्थियों को विभिन्न दान–दाताओं द्वारा प्रायोजित विशिष्ट प्रोत्साहन पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

| क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | कक्षा | श्रेणी | पुरस्कार का विवरण | धनराशि रु0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कु0 अनन्या यादव | 12 | सर्वोत्कृष्ट | श्री विपिन कुमार पाण्डेय जी द्वारा उनके पिता जी की स्मृति में प्रायोजित, स्व0 डॉ0 कृष्ण दत्त पाण्डेय स्मृति पुरस्कार | 21,000.00 तथा प्रशस्ति पत्र |
| 2. | कु0 नन्दिनी गौतम | 12 | सर्वोत्तम | श्री अमित तिवारी जी द्वारा उनके पिता जी की स्मृति में प्रायोजित, स्व0 रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार | 15,000.00 तथा प्रशस्ति पत्र |
| 3. | शिवम राजभर | 10 | सर्वोत्कृष्ट | श्री विपिन कुमार पाण्डेय जी द्वारा उनकी माता जी की स्मृति प्रायोजित, स्व0 गायत्री देवी पाण्डेय स्मृति पुरस्कार | 11,000.00 तथा प्रशस्ति पत्र |
| 4. | कु0 सलोनी कनौजिया | 10 | सर्वोत्तम | श्री अमित तिवारी जी द्वारा उनकी माता जी की स्मृति में प्रायोजित स्व0 वीना तिवारी स्मृति पुरस्कार | 10,000.00 तथा प्रशस्ति पत्र |

शिक्षा सहायता एवं विशिष्ट पुरस्कार वितरण के पश्चात भावना के उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला ने मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों, पदाधिकारियों तथा सक्रिय सहयोग देने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अध्यक्ष जी की अनुमति से सभा समापन की घोषणा करते हुए भावना के सदस्यों व अतिथियों को भोजन हेतु आमंत्रित किया। विभिन्न स्कूलों से आये हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व प्रधानाचार्य/उनके प्रतिनिधियों को लंच पैकेट वितरित किये गये।

इस प्रकार समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन तथा सोल्लास समापन हुआ।



जग मोहन लाल जायसवाल
महासचिव (प्रशासन), भावना

## दिनांक 18-09-25 गुरुवार को भावना के कोर ग्रुप की आयोजित विशिष्ट बैठक की कार्यवृत्ति

दिनांक 18.09.25 दिन गुरुवार को **"आइस एंड स्पाइस" रेस्टोरन्ट** अलीगंज सेक्टर–के, में भावना के कोर ग्रुप व कतिपय अन्य आमंत्रियों की विशेष बिन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु एक बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही–

1. श्री राम लाल गुप्ता ................................ राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना
2. श्री सुधीर कुमार वर्मा ............................ प्रमुख महासचिव
3. श्री जगमोहन लाल जायसवाल ........... महासचिव प्रशासन
4. श्री प्रभात किरण चौरसिया .................. महासचिव कार्यान्वयन
5. श्री चन्द्रशेखर आजाद .......................... कोषाध्यक्ष
6. श्री राजदेव स्वर्णकार ............................ उप महासचिव
7. श्री अमर नाथ ....................................... मुख्य संपादक भावना संदेश
8. प्रो0 डा. राम सजीवन शुक्ल ................ विशेष आमंत्री
9. श्री अमर नाथ धवन .............................. विशेष आमंत्री
10. श्री अनिल कुमार सिंह .......................... विशेष आमंत्री

श्री तुंग नाथ कनौजिया– वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला – उपाध्यक्ष, श्री अशोक कुमार मल्होत्रा– उपाध्यक्ष, श्री सतपाल सिंह– महासचिव एडवोकेसी ने विभिन्न व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित होने में असमर्थता बताई।

भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से महासचिव प्रशासन ने बैठक में आये महानुभावों का स्वागत किया और सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जिसका बिन्दुवार वर्णन निम्नलिखित है–

1. इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स रिवर बैंक कालोनी में दिनांक 19.08.2025 (मंगलवार) को आयोजित भावना के 26वें स्थापना दिवस पर एक संक्षिप्त टिप्पणी पूर्व में निर्गत की गई थी। इसी क्रम में स्थापना दिवस का विस्तृत कार्यवृत्त तैयार करके बैठक में सुनाया गया जिसका सभी उपस्थित व्यक्तियों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

2. **भावना संदेश** प्रत्रिका के संपादक के आकस्मिक निधन से रिक्त पद पर विचार किया गया। अध्यक्ष जी तथा महासचिव प्रशासन ने अवगत कराया कि उन्होंने अपने स्तर से अनेक सदस्यों जिनकी साहित्यिक पृष्ठभूमि रही, से संपर्क करके **भावना संदेश** के संपादक का कार्यभार संयोजन का आग्रह किया गया। किन्तु सभी ने विभिन्न व्यक्तिगत कारणों अथवा व्यस्तता के चलते इसमें रूचि नही दिखाई। इसके पश्चात महासचिव प्रशासन द्वारा प्रेरित किये जाने के फलस्वरूप डा0 राम सजीवन शुक्ला द्वारा इस कार्य हेतु रूचि दिखाई गयी और विशेष बैठक में संपादन का कार्यभार स्वीकार्य करते हुए सार्वजनिक रूप से अपनी सहमति व्यक्त की जिसका उपस्थित जनों करतल ध्वनि से अनुमोदिन किया।

3. वाह्य संपर्क प्रकोष्ठ के सचिव के रिक्त पद को भरने हेतु महासचिव प्रशासन द्वारा प्रसारित अपील पर श्री सुभाष मणि तिवारी से लिखित सहमति प्राप्त होने पर इस पद हेतु उनका नाम प्रस्तावित किया

गया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। सभा को सूचित किया गया कि श्री तिवारी, श्री अशोक कुमार मल्होत्रा, उपाध्यक्ष एवं श्री सतपाल सिंह, महासचिव एडवोकेसी के मार्गदर्शन में व उनसे विचार विमर्श करके कार्य करेंगे और निरन्तर उनके संपर्क में रहेंगे।

4. सचिव ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के रिक्त पद हेतु प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी द्वारा श्री अमर नाथ धवन का नाम प्रस्तावित किया गया। इस पद हेतु श्री अमर नाथ धवन द्वारा दी गई सहमति के परिपेक्ष्य में सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से अनुमोदन किया गया।

5. सदस्यों द्वारा आपत्ति की गई कि सभा में विलम्ब से आने वाले पदाधिकारियों को सभा को रोक कर सभा की कार्यवाही से ब्रीफ कराना पड़ता है जिसके कारण अन्य सभी उपस्थित जनों का समय व्यर्थ होता है और सभा की कार्यवाही विलम्बित होती है। अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी पदाधिकारी/सदस्य के विलम्ब से आने पर तत्समय सभा की कार्यवाही को ब्रीफ कराने में समय नष्ट कर सभा की कार्यवाही को बाधित नही किया जायेगा। सभा के पश्चात महासचिव प्रशासन ब्रीफिंग का कार्य कर सकते हैं।

6. वाह्य संपर्क प्रकोष्ठ के सदस्य श्री पुरुषोत्तम केसवानी के असामयिक निधन से रिक्त हुए पद पर प्रतिष्ठापन हेतु कोई प्रस्ताव नहीं आया। इसको प्रबन्ध कारिणी की समिति में प्रस्तुत कर प्रस्ताव प्राप्त किये जायें और उपलब्ध प्रस्तावों पर विचार कर रिक्त पद को पूर्ण किया जाय।

7. सहयोग एवं सेवा प्रकोष्ठ के सदस्यों के निम्नलिखित क्षेत्रवार पदों पर स्थापित सदस्यों के निष्क्रिय होने अथवा इन पदों के रिक्त होने के कारण प्रकोष्ठ के कार्य बाधित हैं।

(क) विकास नगर क्षेत्र– श्री योगेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री बी. एन. सिंह निष्क्रिय हैं। कार्य बाधित है

(ख) निराला नगर क्षेत्र– श्री योगेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री बी. एन. सिंह निष्क्रिय हैं। कार्य बाधित है

(ग) त्रिवेणी नगर, सीतापुर रोड, आई.आई.एम. रोड के दोनों ओर के क्षेत्र– के सदस्य एवं प्रभारी पद पर श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह की सहमति के आधार पर उनके मनोनयन का निर्णय हुआ।

(घ) इन्दिरा नगर क्षेत्र– श्री जीवन गोस्वामी, निष्क्रिय हैं। कार्य बाधित है

(च) गोमती नगर तथा विस्तार क्षेत्र– श्री सुभाष मणि तिवारी निष्क्रिय हैं। कार्य बाधित है

इन पदों पर सदस्यों को नामित किया जाना है, निर्णय हुआ कि इस बिन्दु को प्रबन्ध कारिणी की बैठक में रखा जाय तथा प्राप्त प्रस्तावों पर विचारोप्रान्त चयन किया जाय।

8. श्री सतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी ने स्वास्थ कारणों से इस बैठक में सम्मिलित होने में असमर्थता व्यक्त की। उन्होंने कतिपय बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए इंगित किया कि वर्तमान में भावना की लगभग 8 (आठ) व्हाट्सएप ग्रुप संचालित हो रहे हैं जिनमें कई ग्रुपों में अनेक सदस्यों के नाम कॉमन हैं। श्री सिंह ने सुझाव दिया इन ग्रुपों की समीक्षा कर यथासंभव कई ग्रुपों को सम्मिलित (मर्ज) किये जाने पर विचार किया जाय। राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अनेक सदस्यों ने इससे सहमति जताई। अतः निर्णय हुआ कि दोनों नोटिस बोर्ड प्रबन्ध कारिणी तथा प्रकोष्ठों के नाम से ही ग्रुप संचालित किये जायेगे। अन्य किसी प्रकार का ग्रुप संचालित नही रहेगा।

9. संसाधन प्रबन्ध प्रकोष्ठ के संयोजक श्री नरेन्द्र कुमार रस्तोगी द्वारा भावना के कार्यों में अरूचि एवं असमर्थता व्यक्त किये जाने के कारण उक्त पद रिक्त हो गया है। इस पद पर प्रतिष्ठापन हेतु प्रबन्ध

कारिणी समिति की बैठक में बिन्दु रखकर इच्छुक सदस्यों का प्रस्ताव लिये जायें। प्राप्त प्रस्तावों पर विचार और समीक्षा करके उचित व्यक्ति को इस पर मनोनीत किया जाये।

10. भावना की प्रबन्ध कारिणी की आगामी बैठक दिनांक 12.10.25 रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महासचिव प्रशासन द्वारा बैठक का स्थान, समय तथा एजेंडा राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति और सम्मति प्राप्त करके किया जायेगा।

सर्वसम्मति से तय किया गया कि इन सभी प्रस्तावों तथा निर्णयों को कार्य कारिणी की बैठक में प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।



जग मोहन लाल जायसवाल
महासचिव (प्रशासन), भावना

## प्रमुख समाचार

(1) Annual General Meeting ISU3A
Indian Society of U3AS on 13.12.25 at UDAIPUR (Rajasthan)

Please Contact- (1) Sri A. K. Malhotra - 6393480489
(2) Sri Sat Pal Singh - 9839043458

## श्रम का महत्व

मगध में भयंकर अकाल पड़ा। भीषण गरमी से धरती जलने लगी और क्षुधा के कारण प्रजा त्राहि–त्राहि करने लगी। सम्राट चंद्रगुप्त ने अपने राजकोश को प्रजा की सहायता के लिए खोल दिया और साथ ही सबको स्थान–स्थान पर यज्ञ करने का निर्देश दिया, ताकि वरुण देव उनसे पुष्ट होकर वृष्टि करने में सक्षम हों। पाटलिपुत्र में भी यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सात दिन तक निराहार व्रत का पालन करते हुए सम्राट ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई।

इसके बाद सम्राट व साम्राज्ञी ने बंजर भूमि पर हल चलाना प्रारंभ किया। हल के जमीन पर लगते ही वहाँ एक आकृति प्रकट हुई और सम्राट को संबोधित करते हुए बोली – "लोग श्रम की उपेक्षा कर रहे हैं, इसीलिए यह दुर्भिक्ष उपस्थित हुआ है। यदि प्रजा पुनः श्रम करना आरंभ कर दे तो खुशहाली के दिन पुनः वापस आ जाएँगे।" यह दृश्य देखकर प्रजा को श्रम का महत्त्व ज्ञात हुआ और सभी श्रम करने में जुट गए। थोड़े परिश्रम से नहर खोद ली गई और बंजर भूमि पर पानी की धारा बह निकली। श्रम के देवता ने सबको पुनः समृद्ध कर दिया।

# '' तुम न जाने किस जहाँ में खो गये''

श्री पुरुषोत्तम केसवानी
सम्पादक भावना सन्देश
भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति 'भावना'



हमारे भावना परिवार के अत्यन्त कर्मठ सदस्य समर्पित कार्यकर्ता, अत्यन्त मृदुभाषी तथा अध्यात्मिक प्रवृत्ति के सहृदय सदस्य श्री पुरूषोत्तम केसवानी जी का परलोक गमन दिनांक 24 अगस्त 2025 को हो गया था।

श्री पुरुषोत्तम केसवानी जी का जन्म 17 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तान के रोहरी में हुआ। वे दो बहनों– श्रीमती प्रेमी देवी बजाज और श्रीमती शांति आहूजा के साथ बड़े हुए। उन्होंने कानपुर में पढ़ाई की और बी.कॉम. एवं C.A. (I.I.B) की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के साथ–साथ उन्होंने आयकर विभाग में चार वर्श कार्य किया, और फिर 1970 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ गए। नौकरी के हिस्से के रूप में उन्होंने भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। तीन दशक की सेवा के बाद, उन्होंने 2001 में स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली।

उनका जीवन और भी सुन्दर तब हुआ जब उन्होंने 1970 में श्रीमती मीना केसवानी से विवाह किया। वे केवल उनकी पत्नी ही नहीं बल्कि उनकी सच्ची साथी और सखी थीं। दोनों ने मिलकर अपने दो बच्चों– दीपा और आनंद को प्यार से पाला और पूरे समर्पण से पारिवारिक जिम्मेदारियाँ निभाईं। लेकिन अगर यह कहा जाए कि उन्हें सबसे अधिक आनंद किस बात से मिला, तो वह था उनका सामाजिक सेवा का भाव, विशेष रूप से हरी ओम मंदिर से उनका गहरा जुड़ाव। 2001 से लेकर अंतिम दिन तक वे मंदिर से जुड़े रहे, असीम भक्ति के साथ। उन्होंने हरि ओम मन्दिर की प्रबंध समिति के साथ और महासचिव के रूप में अथक परिश्रम किया, और प्रेम, आदर व अपनापन से भरे रिश्ते बनाए। उनका समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा है। हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे और दूसरों को भी सिंधी संस्कृति को संजोने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते रहे। वे नियमित रूप से गुरुद्वारों में जाते, गुरबाणी का पाठ करते और उन सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारते। मंदिर के अलावा भी उन्होंने समाज की अनेक संस्थाओं में सेवा दी– चाहे सेण्ट्रल बैंक रिटायरीज एसोसिएशन हो, भावना पत्रिका के संपादक के रूप में योगदान हो या अन्य संस्थाएँ।

श्री केसवानी जी भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) के पत्रांक प– 010 / अ–815दि0 31. 03.2020 द्वारा कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये तथा आपकी सदस्य संख्या P-26 / 422 थी। आपने भावना संदेश के सम्पादक के रूप में अप्रैल–जुलाई 2020 के सम्पादन का कार्य शुरु किया और जुलाई 2025 तक के अंक का सम्पादन पूर्ण निष्ठा और समर्पण से किया। अचानक न्युमोनिया की चपेट में आने के कारण आप 24–25 अगस्त 2025 को मध्य रात्रि में हम सभी को बिलखता छोड़ गये। ईश्वर आपकी आत्मा को सद्गति प्रदान करे।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

# अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम / सदस्यता संख्या / श्रेणी | जन्मतिथि / विवाह तिथि | पूर्ण पता / टेलीफोन नंबर / ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजय अग्रवाल<br>ए–112 / 1097 (आजीवन) | 05.07.1960 /<br>01.12.1984 | ए–1005, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9423484932<br>ईमेल : ajaikorwa@gmail.com |  |
| 2 | श्रीमती अन्जू अग्रवाल<br>ए–113 / 1098 (आजीवन) | 08.06.1964 /<br>01.12.1984 | ए–1005, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9423484932<br>ईमेल : ajaikorwa@gmail.com |  |
| 3 | श्री गोपाल सिंह<br>जी–29 / 1099 (आजीवन) | 13.01.1955 /<br>07.06.1979 | एफ–205, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415424353<br>ईमेल : gopalsingh_13@yahoo.com |  |
| 4 | श्रीमती पुष्पा सिंह<br>पी–61 / 1100 (आजीवन) | 13.12.1957 /<br>07.06.1979 | एफ–205, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415424353<br>ईमेल : gopalsingh_13@yahoo.com |  |
| 5 | श्री प्रमोद कुमार सिंह<br>पी–62 / 1101 (आजीवन) | 01.07.1959 /<br>27.05.1986 | एल–701, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9451217076<br>ईमेल : pksingh12258@gmail.com |  |
| 6 | श्रीमती रंजना सिंह<br>आर–135 / 1102 (आजीवन) | 06.07.1964 /<br>27.05.1986 | एल–701, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9451217076<br>ईमेल : pksingh12258@gmail.com |  |
| 7 | श्री विकास मेहरोत्रा<br>वी–74 / 1103 (आजीवन) | 16.12.1955 /<br>11, मई | ई–402, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415034544, 9838504119<br>ईमेल : vikasmehrotra@gmail.com |  |
| 8 | श्रीमती इति मेहरोत्रा<br>आई–14 / 1104 (आजीवन) | 10.02.1959 /<br>11, मई | ई–402, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415034544, 9838504119<br>ईमेल : vikasmehrotra@gmail.com |  |

# अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम / सदस्यता संख्या / श्रेणी | जन्मतिथि / विवाह तिथि | पूर्ण पता / टेलीफोन नंबर / ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 9 | श्री राम दुलार यादव<br>आर–136 / 1105 (आजीवन) | 10.03.1960 /<br>...... | के–202, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415901439<br>ईमेल : yadavrd10@gmail.com |  |
| 10 | श्रीमती नीलिमा यादव<br>एन–55 / 1106 (आजीवन) | 01.06.1965 /<br>..... | के–202, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415901439<br>ईमेल : yadavrd10@gmail.com |  |
| 11 | श्रीमती विनीता कुमारी<br>वी–75 / 1107 (विशिष्ट) | 01.12.1971 /<br>1 दिसम्बर | 4 / 229, विशाल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ<br>मो. : 8076230044<br>ईमेल : kpddsw@gmail.com |  |
| 12 | श्री कृष्ण प्रसाद<br>के–79 / 1108 (विशिष्ट) | 08.07.1965 /<br>1 दिसम्बर | 4 / 229, विशाल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ<br>मो. : 8076230044<br>ईमेल : kpddsw@gmail.com |  |
| 13 | श्री दया शंकर त्रिपाठी<br>डी–41 / 1109 (आजीवन) | 15.12.1959 /<br>19.04.1986 | डी–903, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9956565415<br>ईमेल : tripathids1961@gmail.com |  |
| 14 | श्रीमती शशि प्रभा त्रिपाठी<br>एस–23 / 1110 (आजीवन) | 03.04.1967 /<br>19.04.1986 | डी–903, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9956565415<br>ईमेल : tripathids1961@gmail.com |  |
| 15 | श्री विकास टण्डन<br>वी–76 / 1111 (आजीवन) | 22.04.1968 /<br>30.01.1996 | एल–501, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9930034994<br>ईमेल : vikastandon@yahoo.co.uk |  |
| 16 | श्रीमती जया टण्डन<br>जे–34 / 1112 (आजीवन) | 20.03.1971 /<br>30.01.1996 | एल–501, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी, महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9930034994<br>ईमेल : vikastandon@yahoo.co.uk |  |

## अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम / सदस्यता संख्या / श्रेणी | जन्मतिथि / विवाह तिथि | पूर्ण पता / टेलीफोन नंबर / ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 17 | श्री आलोक कुमार अग्रवाल<br>ए–114 / 1113 (आजीवन) | 20.03.1962 /<br>21.04.1995 | एच–304, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415107722<br>ईमेल : agarwalalok62@gmail.com |  |
| 18 | श्रीमती नन्दा अग्रवाल<br>एन–56 / 1114 (आजीवन) | 05.01.1970 /<br>21.04.1995 | एच–304, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415107722<br>ईमेल : agarwalalok62@gmail.com |  |
| 19 | श्री अमर नाथ धवन<br>ए–115 / 1115 (आजीवन) | 20.12.1944 /<br>.... | एम.आई. 148, सेक्टर–डी, निकट पुरनिया<br>फ्लाईओवार, अलीगंज, लखनऊ<br>मो. : 9935378375<br>ईमेल : .... |  |
| 20 | श्री अखिल कुमार गुप्ता<br>ए–116 / 1116 (आजीवन) | 07.01.1963 /<br>01.12.1979 | वी–402, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9935054979<br>ईमेल : guptaakhil2008@gmail.com |  |
| 21 | श्रीमती दीपा गुप्ता<br>डी–42 / 1117 (आजीवन) | 03.01.1968 /<br>01.12.1979 | वी–402, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9935054979<br>ईमेल : guptaakhil2008@gmail.com |  |
| 22 | डॉ0 अनिल कुमार सक्सेना<br>ए–117 / 1118 (आजीवन) | 01.12.1964 /<br>24.07.1979 | एच–706, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415026303<br>ईमेल : saksena54@yahoo.co.in |  |
| 23 | श्रीमती अल्का सक्सेना<br>ए–118 / 1119 (आजीवन) | 24.09.1956 /<br>24.07.1979 | एच–706, शालीमार गैलेन्ट, विज्ञानपुरी,<br>महानगर, लखनऊ–226006<br>मो. : 9415026303<br>ईमेल : saksena54@yahoo.co.in |  |
| 24 | श्री अशोक कुमार ओझा<br>ए–119 / 1120 (विशिष्ट) | 01.08.1954 /<br>02.03.1976 | 2 / 231, विराट खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ<br>मो. : 9918200275<br>ईमेल : akojha1954@yahoo.com |  |

# अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम / सदस्यता संख्या / श्रेणी | जन्मतिथि / विवाह तिथि | पूर्ण पता / टेलीफोन नंबर / ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 25 | श्रीमती इन्दिरा ओझा<br>आई–15 / 1121 (विशिष्ट) | 02.06.1960 /<br>02.03.1976 | 2 / 231, विराट खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ<br>मो. : 9918200275<br>ईमेल : akojha1954@yahoo.com |  |
| 26 | श्री दिनेश चन्द्र राठौर<br>डी–43 / 1122–(विशिष्ट) | 01.01.1947<br>12.03.1980 | 58 / 3 प्रयाग नारायण रोड एफ–2 बैंक आफ इण्डिया कालोनी लखनऊ – 226001<br>मो0–9415548124<br>ईमेल.......... |  |
| 27 | श्रीमती रश्मि सिंह राठौर<br>आर–137 / 1123–(विशिष्ट) | 14.04.1954<br>12.03.1980 | 58 / 3 प्रयाग नारायण रोड एफ–2 बैंक आफ इण्डिया कालोनी लखनऊ – 226001<br>मो0–9415548124<br>ईमेल.......... |  |
| 28 | श्री नीरज श्रीवास्तव<br>एन–57 / 1124 | 12.12.1965<br>02 / 2003 | जी / 01 ब्लाक–जी, शालीमार गैलेंट महानगर, लखनऊ –226006 |  |
| 29 | श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव<br>एम–77 / 1125 | 6.2018<br>02.2003 | जी / 01 ब्लाक–जी, शालीमार गैलेंट महानगर, लखनऊ –226006 |  |
| 30 | श्रीश कुमार श्रीवास्तव<br>एस–232 / 1126 | 30.06.1964<br>30.01.1990 | 11 / 432 से–2, हाउस नं. 432, विकास नगर लखनऊ 226022<br>मो0: 8874265648<br>ईमेल : srishkumarsrivastava1197@gmail.com |  |
| 31 | श्रीमती भावना श्रीवास्तव<br>बी–47 / 1127 | 18.12.1970<br>30.01.1990 | 11 / 432 से–2, हाउस नं. 432, विकास नगर लखनऊ 226022<br>मो0: 8874265648<br>ईमेल : srishkumarsrivastava1197@gmail.com |  |
| 32 | श्रीमती सुमन जायसवाल<br>एस–233 / 1128 | 11.05.1951<br>06.07.1979 | 538 क / 214 त्रिवेणी नगर–2, निराला नगर लखनऊ<br>मो0: 8687517026<br>ईमेल : srishkumarsrivastava1197@gmail.com |  |

# अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम / सदस्यता संख्या / श्रेणी | जन्मतिथि / विवाह तिथि | पूर्ण पता / टेलीफोन नंबर / ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 33 | श्री सिद्धेश दूबे<br>एस–234 / 1129 | 10.09.1960<br>20.02.1988 | 406 धई स्ट्रीट राजेन्द्र नगर,<br>लखनऊ–226004<br>मो0: 7905003207<br>ईमेल : dubeysidish@gmail.com |  |
| 34 | श्रीमती किरन दुबे<br>के–79 / 1130 | 01.01.1967<br>20.02.1988 | 406 धई स्ट्रीट राजेन्द्र नगर,<br>लखनऊ–226004<br>मो0: 7905003207<br>ईमेल : dubeysidish@gmail.com |  |
| 35 | श्री कृष्ण चन्द्रवर्मा<br>के–80 / 1131–(विशिष्ट) | 09.01.1962<br>20.06.1986 | 3 / 148 विशाल खण्ड गोमती नगर,<br>लखनऊ<br>मो0: 9415010675<br>ईमेल : krishnachandra1962@gmail.com |  |
| 36 | श्रीमती सरोजनी वर्मा<br>एस–235 / 1132–(विशिष्ट) | 15.02.1963<br>20.06.1986 | 3 / 148 विशाल खण्ड गोमती नगर,<br>लखनऊ<br>मो0: 9415010675<br>ईमेल : krishnachandra1962@gmail.com |  |
| 37 | श्री रवि कुमार अरोड़ा<br>एस–138 / 1133 | 15.08.1956<br>12.05.1980 | ई 602 शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी महानगर<br>लखनऊ<br>मो0: 7506357670<br>ईमेल : aroraravi15@yahoo.co.in |  |
| 38 | श्रीमती रीना अरोड़ा<br>आर–139 / 1134 | 07.05.1956<br>12.05.1980 | ई 602 शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी महानगर<br>लखनऊ<br>मो0: 7506357670<br>ईमेल : aroraravi15@yahoo.co.in |  |
| 39 | श्री नीरेन्द्र कुमार निषाद<br>एन–57 / 1135 | 25.10.1958<br>21.04.1995 | खसरा सं0 3396 वद्रीनगर नादरगंज,<br>अमौसी सरोजनी नगर लखनऊ<br>मो0: 9452101029<br>ईमेल : nkn1958@rediffmail.com |  |
| 40 | श्रीमती डॉ0 नीरज वर्मा<br>एन–58 / 1136 | 01.01.1965<br>21.04.1995 | खसरा सं0 3396 वद्रीनगर नादरगंज,<br>अमौसी सरोजनी नगर लखनऊ<br>मो0: 9452101029<br>ईमेल : nkn1958@rediffmail.com |  |

## अप्रैल 2025 से 20.09.2025 तक भावना के बनाए गये नये सदस्यों की सूची

| क्रम | सदस्य का नाम/ सदस्यता संख्या/श्रेणी | जन्मतिथि/ विवाह तिथि | पूर्ण पता/ टेलीफोन नंबर/ ईमेल | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 41 | श्री शिव मोहन वाजपेयी<br>एस–236/1137 | 31.08.1948<br>12.12.1977 | 3/439 विशाल खण्ड–3 गोमती नगर लखनऊ<br>मो0: 9451310586<br>ईमेल : shivamohanbajpai@gmail.com |  |
| 42 | श्री रामप्रकाश कटियार<br>आर–140/1138 | 02.06.1941 | ई–आई/ए.आई वाई ब्लाक रीवर बैंक कालेनी, लखनऊ–226018<br>मो0: 9140399292 |  |
| 43 | मेसर्स एडवाण्टे रियल्टी इण्डिया, प्राइवेट लिमिटेड<br>ए–120/1139 संस्थागत | ..... | 625, एम.जी.एफ. इमराल्ड प्लाजा, सेक्टर–65 गुड़गाँव, हरियाणा–122018 | |

### मानव / मानवता

मानवता का आधार है सहृदयता। जो पाप में फँस जाता है मानव है, जो उस पर खेद प्रकट करता है, देवता है, जो उस पर घमण्ड करता है, दानव है। केवल मनुष्य ही एक ऐसा है जो दया व सेवाभाव लेकर जन्मा है। त्याग व बलिदान मात्र उसी में है। यही उसकी विशेषता और महानता है। जिसके भीतर यह वृत्ति न हो, तो अपनी क्षुद्रताओं को देखकर लज्जित होता है, व अपूर्णताओं को पूर्ण करता है। वह अकेला मनुष्य ही है, जो दूसरों के दुख को देखकर दुखी होता है और उन्हें सुखी बनाने के लिये अपने को जोखिम में डालता है। यह उसकी गरिमा और महत्ता है।

# ''युक्ति युक्त नीति''

द्वारिकापुरी में एक संध्या भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन समुद्र के किनारे टहल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि समुद्र के दूसरे छोर से बहुत बड़ा बवन्डर उठा और उसमें से एक भयानक दैत्य निकलकर उनकी ओर बढ़ा। मगध के राजा जरासंघ के कहने पर, "कालयवन" नामक यह बलशाली दैत्य, जिसे वरदान प्राप्त था कि वह किसी अस्त्र–शस्त्र से नही मारा जायेगा, श्री कृष्ण पर आक्रमण करने के लिये, उनकी ओर तीव्र गति से बढ़ने लगा। उसको तीव्र गति से बढ़ते देखकर अर्जुन ने कहा– भगवन् आप इस पर शीघ्र अपने सुदर्शन से प्रहार करके उसका वध कर दीजिये। श्री कृष्ण ने कहा कि सुदर्शन से वार करना इसके संहार का उपाय नही है। श्री कृष्ण जानते थे कि कालयवन को किसी भी अस्त्र–शस्त्र से नहीं मारा जा सकता, क्योंकि उसे भगवान शिव का वरदान प्राप्त था। इसलिये उन्होंने युद्ध के मैदान से भागने का बहाना बनाया और उसे एकान्त में ले जाने के लिये दौड़ाया। अर्जुन भी उनके पीछे–पीछे भागने लगे। भागते–भागते दोनों एक गुफा में घुस गये।

उस गुफा में त्रेतायुग के महान राजा मुचुकुन्द, जिन्होंने अनेकों वर्षो तक देवासुर संग्राम में, देवताओं का साथ दिया था और अनवरत युद्ध की थकान के कारण, हजारों वर्षों की योगनिद्रा में सो रहे थे। उनको देवताओं का वरदान प्राप्त था कि जो उनकी निद्रा भंग करेगा वह उनकी प्रथम दृष्टि से भस्म हो जायगा।

श्री कृष्ण ने अपना उत्तरीय सोये हुये राजा मुचुकुन्द को ओढ़ाया और वे तथा अर्जुन एक स्थान पर जाकर छिप गये। कालयवन भी पीछे दौड़ते हुये गुफा में घुस गया। उसने देखा कि उत्तरीय ओढ़े कोई सोया है, और उन्हें श्री कृष्ण समझ कर लात मार दी जिससे उनकी निद्रा भंग हो गई। नींद से जागते ही मुचुकुन्द ने क्रोध में कालयवन पर दृष्टि डाली और वह भस्म होकर राख हो गया। इस प्रकार श्री कृष्ण ने कालयवन को प्राप्त वरदान की रक्षा करते हुये भी उसका संहार कर दिया।

इसके बाद श्री कृष्ण ने राजा मुचुकुन्द को दर्शन देकर वरदान दिया और उन्हें सारी घटना से अवगत कराया। बाद में श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया कि जब शत्रु अधिक बलशाली हो और उसे अपने बाहुबल से हराना सम्भव न हो तो युक्ति युक्त नीति से काम लेना उचित होता है।



संकलन कर्ता
**प्रभात किरण चौरसिया**
(महासचिव कार्यान्वयन)

## ‘‘अपनी वसीयत’’

कड़वी हकीकत ये है कि बिना ‘सही वसीयत या विवादित वसीयत के साथ’ के मरना किसी मार्केट क्रैश से ज्यादा संपत्ति नष्ट कर सकता है। कानूनी लड़ाई में पैसा और समय दोनों लगता है। यह लड़ाइयां अक्सर सालों तक चलती रहती हैं, जबकि संपत्ति फ्रीज रहती है। जिस परिवार को शोक मनाना चाहिए, वह अदालतों में एक–दूसरे से लड़ता है और वकील ही एकमात्र गारंटीड विजेता होते हैं। फिर भी इन स्पष्ट जोखिमों के बावजूद, भारतीयों में वसीयत बनाना आश्चर्यजनक रूप से असामान्य है। कुछ सर्वे बताते हैं कि 20 प्रतिशत से भी कम वयस्कों ने वसीयत बनाई है। यहां तक कि पर्याप्त संपत्ति वाले लोगों के मामले में भी ऐसा है। मेरे व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर, ये आंकड़ा भी ज्यादा लगता है। इसके कारणों में मौत पर चर्चा करने के अंधविश्वास से लेकर साधारण टालमटोल तक शामिल हैं। लेकिन परिणाम हमेशा एक जैसे होते हैं– परिवार के जीवित सदस्यों के लिए गैर–जरूरी कष्ट।

मैं जो बहाना सबसे ज्यादा सुनता हूं वो ये है कि भरतीय उत्तराधिकार कानून स्वतः ही निकट परिवार के सदस्यों का पक्ष लेते हैं, जिससे वसीयत गैर–जरूरी हो जाती है। इससे उत्तराधिकार के काम करने के वास्तविक तरीके के बारे में एक खतरनाक गलतफहमी का पता चलता है। बिना वसीयत आपकी संपत्ति जटिल कानूनी फार्मूले के अनुसार बांटी जाती है जिसमें आपकी इच्छाओं की झलक नहीं दिख सकती। समाधान आसान है। वसीयत बनाएं। अगले साल नहीं, रिटायरमेंट के बाद नहीं, बल्कि अभी ऐसा करें। एक सामान्य वसीयत कुछ हजार रुपये में बन जाती है और सही कानूनी मार्गदर्शन से घंटों में पूरी हो सकती है। ज्यादातर लोगों के लिए, दस्तावेज जटिल नहीं होते, बस ये बताना होगा कि क्या किसे मिलना चाहिए और कार्यवाही या वसीयत प्रबंधक नियुक्त करना पर्याप्त है। ज्यादातर लोगों के काम आने वाली साधारण वसीयतों के आनलाइन विकल्प सस्ते, तेज और काफी अच्छे हैं।

## जीवन के रंग

जीवन एक अवसर है –उसे खोइये मत
जीवन एक चुनौती है–उसका सामना कीजिए
जीवन एक सफर है–उसे पूरा कीजिए
जीवन एक वरदान है–उसे स्वीकार कीजिए
जीवन एक पहेली है–उसे सुलझाइये
जीवन एक कथा है–उसे सुनिये
जीवन एक प्रण है–उसका पालन कीजिए
जीवन एक आत्मा है–उसका बोध कीजिए
जीवन एक कटु सत्य है–उससे संघर्ष कीजिए
जीवन एक दुख है–उसे भोगिये
जीवन एक अनुभव है–उसे संजोइये

## योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य (भाग 13)
### (भावना संदेश जुलाई 2025 से आगे)

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति, भावना के वर्तमान सदस्यों की औसत आयु लगभग 70 वर्ष है। सामान्यतः 65 वर्ष की उम्र के बाद शरीर में स्वाभाविक परिवर्तन तेजी से आने लगते हैं और वृद्धावस्था–जन्य रोग प्रकट होने लगते हैं। यह परिवर्तन और रोग निम्नलिखित हो सकते हैं।

– रक्त नलिकाओं का कठोर व संकरा होना– उच्च रक्तचाप व हृदय रोग।
– पाचक ग्रंथियों की शिथिलता– एसिडिटी, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, अल्सर, एनीमिया, मधुमेह।
– बड़ी आंत का स्पंदन कमजोर– कब्ज, गैस, कोलाइटिस, बवासीर, भगंदर, Bowl Syndrome।
– हड्डियों का कमजोर,पतला व सख्त होना– ऑस्टियोपोरोसिस, आर्थराइटिस, कैल्शियम– विटामिन D की कमी।
– स्नायु दुर्बलता – सिरदर्द, चक्कर, स्मृति ह्रास (डिमेंशिया)।
– फेफड़ों की कार्यक्षमता घटने से – दमा, क्षय रोग।
– ज्ञानेंद्रिय क्षीणता – दृष्टि व श्रवण दोष।
– अन्य समस्याएँ – जैसे पार्किन्सन, अनिद्रा, तनाव, अवसाद, अकेलापन।

